बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–43/2020...415... **पटना, दिनांक** :–20/01/2024

आदेश

जिलाधिकारी, बांका के पत्रांक 1455 दिनांक 02.08.2023 द्वारा श्री रंजन कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02946) के विरूद्ध दिनांक 24.07.2023 को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "सर्वे के नाम पर अमीन मांग रहा था रिश्वत, ग्रामीणों ने बनाया बंधक" की जांच भूमि सुधार उप समाहर्त्ता से कराकर बंदोबस्त पदाधिकारी, बांका को यह प्रतिवेदित किया गया है कि जिन व्यक्तियों द्वारा रिश्वत देने की बात कही गयी है, उसका कोई साक्ष्य नहीं है, परन्तु स्थल पर अमीन से कार्य कराया जाना सही नहीं होगा। उक्त प्रतिवेदन की प्रतिवेदन की ज्ञाप प्रति सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को भी दी गयी है।

जिलाधिकारी, बांका से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में निदेशालय स्मार पत्रांक 8745 दिनांक 01.11.2023 द्वारा मामले की जांच कर जांच प्रतिवेदन की मांग बंदोबस्त पदाधिकारी, बांका से की गयी है। बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 1408 दिनांक 03.11.2023 द्वारा मंतव्य दिया गया है कि भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बांका के प्रतिवेदन के आलोक में श्री कुमार को मौजा कसई, थाना नं0–172 से हटा दिया गया है।

प्राप्त प्रतिवेदनों के समीक्षोपरांत यह स्पष्ट है कि श्री कुमार का संबंधित राजस्व ग्राम में रहना कार्यहित में उचित नहीं है, चूंकि इनके विरूद्ध भ्रष्टाचार से संबंधित कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है, ऐसी स्थिति में मात्र चेतावनी के साथ इन्हें आरोप से मुक्त करते हुए इनका स्थानान्तरण अरवल जिला किया जाता है।

2. स्थानान्तरण आदेश R2R Software से निर्गत किया जाएगा।

8/1/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–43/2020...415... **पटना, दिनांक** :–20/01/2024

प्रतिलिपि :– श्री रंजन कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02946), बंदोबस्त कार्यालय, बांका को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–43/2020...415... **पटना, दिनांक** :–20/01/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–43/2020...415... **पटना, दिनांक** :–20/01/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी निदेशालय अन्तर्गत R2R में संधारित श्री कुमार की व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
18/1/24